# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

गांधी चौक के पास, बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) 495001

फोन 07752-220007, 220031, 220032, 220033, 220037, 220014 फैक्स. 07752-220031, 260294

ई–मेल : registrar@bilaspuruniversity.ac.in Website : www.bilaspuruniversity.ac.in


क्रमांक / 5550 /स्था.प्रशा. /2021 बिलासपुर, दिनांक 15.05.2021

प्रति,

**01. प्राचार्य,**
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**02. विभागीय अधिकारी / विभागाध्यक्ष (समस्त)**
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

**विषयः– शत प्रतिशत कोविड–19 टीकाकरण के संबंध में।**

––00––

कोरोना वायरस के रोकथाम एवं बचाव हेतु विश्वव्यापी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 01 मई 2021 से 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लिये वृहद टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है।

माननीय राज्यपाल महोदया एवं कुलाधिपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के मंशानुरूप एवं माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं, जो कोविड–19 टीकाकरण के लिये पात्र है एवं जिन्होंने अद्यतन टीका नहीं लगवाया है, को टीकाकरण हेतु प्रेरित करना सुनिश्चित करें।

कोविड–19 टीकाकरण में यदि किसी प्रकार की कठिनाई / समस्या होती है तो श्री यशवंत कुमार पटेल, सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी, "विश्वविद्यालय स्वास्थ्य सहायता केन्द्र" अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के मोबाईल नंबर–7748800660 पर संपर्क कर आवश्यक सलाह व सहायता प्राप्त कर सकते है।

समाज के प्रति अपना दायित्व एवं कर्तव्यों का निर्वहन, टीकाकरण के प्रति जागरूकता एवं मिथ्या भ्रांतियों को दूर कर शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करें।

आदेशानुसार

15.5.21

कुलसचिव

पृ.क्रमांक / 5551 /स्था.प्रशा. /2021 बिलासपुर, दिनांक 15.05.2021

प्रतिलिपिः–

1. श्री यशवंत कुमार पटेल, सहायक प्राध्यापक एवं प्रभारी, "विश्वविद्यालय स्वास्थ्य सहायता केन्द्र" अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को इस आशय के साथ सूचनार्थ कि कोविड–19 टीकाकरण के संबंध में विश्वविद्यालय के अग्रणी महाविद्यालय (जिला–बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा, मुंगेली, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही) के प्राचार्यो से समन्वय स्थापित कर जानकारी प्राप्त करेंगे।
2. कुलपति महोदय के निज सहायक सहायक को, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. सर्वसंबंधित ...................................................................................... को सूचनार्थ।
4. कार्यालयीन अभिलेख / वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

सहायक कुलसचिव (प्रशासन)